# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut.

पत्रांक : प०नि०
दिनांक : 17.05.2020

## महत्वपूर्ण सूचना

संज्ञान में आया है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की परीक्षा योजना–2020 (10 जून,2020–18 जुलाई, 2020) का एक फर्जी संदेश व्हाट्सअप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जा रहा है जिसमें अधोहस्ताक्षरी के फर्जी तरीके हस्ताक्षर किये गये हैं एवं पत्रांकः मुख्य परीक्षा/1865 दिनांक 14/05/2020 का भी उल्लेख किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि यह केवल भ्रम फैलाने के लिए किया गया है। विश्वविद्यालय ने ऐसा कोई परीक्षा कार्यक्रम जारी नहीं किया है। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से सम्बन्धित एवं अन्य समस्त महत्वपूर्ण सूचनाएं तथा उनसे सम्बन्धित समस्त परिवर्तन आदि की सूचनाएं भी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in पर ही उपलब्ध कराई जाती हैं। अतः समस्त सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न इलैक्ट्रॉनिक मीडिया ऐप के माध्यम से अनावश्यक रूप से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। समस्त सूचनाएं विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in पर ही उपलब्ध करायी जाती हैं।

17/5/2020
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1–समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक, समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/ संस्थान, सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार ही आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु प्रेषित।
2–सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
3–वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को माननीय प्रति –कुलपति जी के सूचनार्थ।
4–वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5–वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
6–उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सेल/अति–गोपनीय विभाग)।
7–विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट्ट।
8–विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार ही आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु प्रेषित।
9–प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट।

17/5/2020
परीक्षा नियंत्रक